JINDAL
THE MENTHOL PEOPLE

JINDAL LEASEFIN LIMITED
110, BABAR ROAD, (Opp. World Trade Centre)
NEW DELHI - 110 001 INDIA • CIN : L74899DL1994PLC059252
TEL. : 91-11-46201000 FAX : 91-11-46201002
E-mail : jindal@jindal.bz
Website : www.jindal.bz

August 13, 2026

To,
BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
Mumbai – 400 001

Ref: JINDAL LEASEFIN LIMITED (Scrip Code: 539947)

Sub: Intimation under Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copy of Extract of Standalone Un-Audited Financial Results of the Company for the quarter ended June 30, 2026, as published in newspapers viz. The Pioneer (English Newspaper) and Pioneer (Hindi Newspaper) dated August 13, 2026.

You are kindly requested to take the same on record.

Thank You.

For Jindal Leasefin Limited

RAJENDRA PRASAD RUSTAGI
Digitally signed by RAJENDRA PRASAD RUSTAGI
Date: 2026.08.13 13:08:12 +05'30'

Rajendra Prasad Rustagi

Company Secretary & Compliance Officer

Encl.: As above

Sino-India border generally stable at moment: China

KJM VARMA ■ Beijing


Foreign Ministry spokesperson Guo Jiakun

China on Wednesday said the situation along the Sino-India border is "generally stable at the moment" while declining to comment on reports of stepped-up Chinese military activity near the Arunachal Pradesh border.

Foreign Ministry spokesperson Guo Jiakun made the comments while responding to media queries about whether there has been a recent military incident with India and if China has increased its military activity near the State, which China claims as part of South Tibet.

"The China-India border situation is generally stable at the moment," Guo said. China and India held the 36th meeting of the Working Mechanism for Consultation and Coordination on China-India Border Affairs last week, he said. "The two sides agreed to maintain communication via diplomatic and military channels and jointly uphold peace and tranquility in the border areas," he added.

India on Tuesday said it considers matters relating to border areas with China as "most serious" and asserted that maintaining peace and tranquillity along the Line of Actual Control (LAC) is of "utmost importance", as the state of the frontier will govern the overall trajectory of bilateral ties. The remarks came amid reports of aggressive posturing by Chinese troops in Arunachal Pradesh's Upper Subansiri region. New Delhi also trashed Beijing's criticism of its decision to formally identify 27 places and geographical features in Arunachal Pradesh by their standard names, emphasising that the state is an "inalienable and integral" part of India and that nothing can change this "indisputable reality".

India and China rolled out a series of measures in the last over one year to rebuild their relationship after it came under severe strain following the deadly Galwan Valley clashes in 2020 and the subsequent military face-off that lasted for over four years. In October 2024, the two sides firmed up a disengagement pact for Depsang and Demchok, the last two friction points in eastern Ladakh.

Days after the agreement was finalised, Prime Minister Narendra Modi and Chinese President Xi Jinping held talks in Kazan and took several decisions to improve the ties.

In August last year, Modi travelled to the Chinese city of Tianjin to attend the annual SCO summit. Modi and Xi held extensive talks on the sidelines of the SCO (Shanghai Cooperation Organisation) summit.

In the meeting, Modi said India is committed to taking forward its ties with China based on mutual trust, respect and sensitivity. In the last few months, India and China initiated a series of measures to reset their ties. (*PTI*)

Mini-Mozart heist: 210 statuettes stolen from tribute

ASSOCIATED PRESS ■ Salzburg

More than 200 gold statuettes of Austria's most famous composer disappeared from his hometown of Salzburg, officials said Wednesday, leaving a tribute to Wolfgang Amadeus Mozart on his 270th birthday considerably less crowded. The Mozarteum Foundation on July 15 unveiled 320 statuettes, barely 50 centimeters (less than 20 inches) high, showing Mozart with his dog. They were designed by German conceptual artist Ottmar Horl.

Within two weeks, more than 80 of the polymer figures had disappeared. By Wednesday, a total of 210 were missing.

"The worst thing for an artist is when his work dissolves," Horl told the German news agency dpa. He said he did not believe visitors stole the works but rather that it was an "organised theft".

Iranian-backed Houthis kill 6 in attack on vessel

ASSOCIATED PRESS ■ Sanaa

Yemeni authorities said six people were killed by Iran-backed Houthi rebels attacking a vessel in the Bab el-Mandeb strait, while US forces fired on a ship they said was trying to break a blockade of Iran's ports.

Yemen's coast guard said the dead included four crew members and two members of the Government-allied National Resistance Forces. Houthis fired three ballistic missiles at the Yemeni commercial vessel, according to the Transportation Ministry of Yemen's internationally recognized Government.

They are the first known deaths from Houthi attacks on shipping off Yemen in the latest bout of fighting in the Arab country. With the Strait of Hormuz effectively shut down by Iran, there has been a renewed focus on the Red Sea and Bab el-Mandeb strait at Yemen's southern tip, which is an alternate route for Saudi Arabia to ship its oil.The deadly vessel strike came amid Houthi attacks on the Government-held port city of Mokha on the Red Sea and other areas of the country. Dozens of Government troops and civilians have been killed in attacks since last week, according to the Yemeni military.

The strikes are part of an escalation by the Houthis against Government forces in Yemen and oil facilities in neighbouring Saudi Arabia, which supports the Yemeni Government, and the kingdom's shipping in the Red Sea. The Houthi attacks could reignite Yemen's civil war following a 2022 truce, and open a new front in the West Asia war.

Mohammed Abdul-Salam, the Houthis' chief negotiator and spokesperson, accused Saudi Arabia in a social media post of exploiting the ceasefire to tighten an air and sea blockade it imposed in 2015. He said the Houthis are open for negotiations but any settlement must include lifting the blockade.

The US military said Tuesday that its forces fired on a Panamanian-flagged ship in the Gulf of Oman that tried to evade the American blockade on Iranian ports.

The move came as US President Donald Trump tries to keep economic pressure on the Islamic Republic.

US Central Command said the vessel had ignored warnings to stop, prompting an American helicopter to fire missiles into the engine room of the M/V Vela Nova, disabling the ship.

Naqvi meets Iran's President

PRESS TRUST OF INDIA
■ Islamabad

Pakistan Interior Minister Mohsin Naqvi has held talks with Iran's President Masoud Pezeshkian and Foreign Minister Abbas Araghchi in Tehran to follow up on the stalled US-Iran peace negotiations.

An interim peace agreement, which Pakistan signed as a guarantor, derailed last month as tensions escalated in West Asia with the US and Iran resuming military strikes. Islamabad is actively pushing to revive its mediation efforts to end the US-Iran conflict.

2 US states proclaim August 15 as Indian Independence Day


Kathy Hochul

PRESS TRUST OF INDIA
■ New York

Two US states, New York and New Jersey, have proclaimed August 15 as "India Independence Day", recognising India's journey as an independent Nation and the contributions of the Indian-American community.

New York Governor Kathy Hochul issued a proclamation declaring August 15, 2026, as "India Independence Day" across the entire state, while New Jersey Governor Mikie Sherrill made a similar declaration, the Indian Consulate in New York posted on X .

The proclamations come ahead of India's 80th Independence Day celebrations and highlight "India's journey of independence and the democratic values shared by India and the United States," the consulate said.

New York and New Jersey, both neighbouring states, are home to some of the largest and most influential Indian-American communities in the United States, with Indian-origin residents making significant contributions across business, healthcare, technology, education and public service, according to the proclamations made by both States.

DEATH TOLL RISES TO 44 AFTER FERRY CAPSIZES ON ZIMBABWE LAKE

ASSOCIATED PRESS ■ Harare

The death toll after an overloaded ferry capsized on Lake Kariba in Zimbabwe has risen to 44, police said on Wednesday.

Police said on X that the bodies had been retrieved from the lake that forms part of the border between Zimbabwe and Zambia. But police did not update how many people were injured or still missing after Tuesday's disaster involving a ferry operated by a Government agency.

The ferry capsized while carrying at least 114 adult passengers and five crew members, according to Zimbabwe's disaster management agency. It was not clear how many people were on the ferry because the figures only included those who bought tickets, and children below ticketing age could have been on board.

दिल्ली भाजपा ने चार जिलों में निकाली तिरंगा यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

स्वतंत्रता दिवस सप्ताह के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिल्ली की ओर से बुधवार को राजधानी के चार जिलों दक्षिणी दिल्ली, महरौली, मयूर विहार और नवीन शाहदरा में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया। विभिन्न यात्राओं में भाजपा सांसदों, विधायकों, वरिष्ठ नेताओं और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लेकर राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। युवा मोर्चा अध्यक्ष रजत चौधरी के नेतृत्व में हजारों युवा कार्यकर्ता भी यात्राओं में शामिल हुए। महरौली जिले में मसूदपुर डेयरी स्थित मसूदपुर गांव के शहीद भगत सिंह पार्क से तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसका नेतृत्व सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने किया। यात्रा में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा, विधायक, वरिष्ठ भाजपा नेता जयवीर राणा, जिला अध्यक्ष रविंद्र सोलंकी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। दक्षिणी दिल्ली जिले में मोलड़बंद, बदरपुर स्थित सांसद कार्यालय से निकली यात्रा का नेतृत्व भी रामवीर सिंह बिधूड़ी ने किया। इसमें भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री अनिल जैन, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष रजत चौधरी, जिला अध्यक्ष माया सिंह बिष्ट, विधायक चंदन चौधरी और पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मयूर विहार जिले में जीवन अनमोल अस्पताल, मयूर विहार फेज-1 से निकली तिरंगा यात्रा का नेतृत्व दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने किया।

इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, जिला अध्यक्ष विजेंद्र धामा, जिला पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। नवीन शाहदरा जिले में नंद नगरी स्थित नथू कॉलोनी चौक से निकली तिरंगा यात्रा का नेतृत्व सांसद मनोज तिवारी ने किया। यात्रा में पूर्व दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, कार्यालय मंत्री कैलाश जैन, विधायक, पार्टी के वरिष्ठ नेता, जिला अध्यक्ष मास्टर विनोद और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा नेताओं ने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन करने और राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराने का अवसर है। उन्होंने कहा कि इन यात्राओं के माध्यम से दिल्लीवासियों के बीच देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया। मयूर विहार की तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि तिरंगा देश के 140 करोड़ भारतीयों के स्वाभिमान का प्रतीक है।

यमुनापार में जगह-जगह तिरंगा कैंप

नई दिल्ली। स्वतंत्रता दिवस को लेकर यमुनापार में तैयारियां तेज हो गई हैं। हर घर तिरंगा अभियान के तहत इलाके के अलग-अलग हिस्सों में निशुल्क तिरंगा वितरण कैंप लगाए जा रहे हैं। शाहदरा, कृष्णा नगर, विश्वास नगर, गांधीनगर, त्रिलोकपुरी, कौंडली, पटपड़गंज, मयूर विहार, लक्ष्मी नगर, मंडावली, भजनपुरा, घोंडा, करावल नगर, गोकलपुरी, बाबरपुर, सीलमपुर, वेलकम और सीमापुरी समेत कई इलाकों में स्थानीय स्तर पर लोगों को तिरंगे बांटे जा रहे हैं। कैंपों में पहुंचने वाले लोगों को निशुल्क राष्ट्रीय ध्वज दिया जा रहा है। आयोजकों की ओर से लोगों से स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों पर तिरंगा लगाने की अपील की जा रही है।

हाईकोर्ट पहुंचा अंकित शर्मा का केस

पुलिस ने 6 बरी आरोपियों के खिलाफ की अपील, दो दोषियों ने सजा को दी चुनौती

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

2020 के दिल्ली दंगों के दौरान इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या का मामला दिल्ली हाईकोर्ट पहुंच गया है। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने छह आरोपियों को बरी किए जाने के निचली अदालत के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

उधर, मामले में दोषी ठहराए दो लोगों ने भी हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस साल 13 जुलाई को ट्रायल कोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन और 4 अन्य लोगों को अंकित शर्मा की हत्या का दोषी ठहराया था। अन्य आरोपियों में नाजिर, कासिम, जावेद और अनस शामिल हैं। बाद में 31 जुलाई को अदालत ने ताहिर हुसैन और चार अन्य दोषियों को इस मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही, 6 अन्य लोगों को बरी कर दिया गया। बुधवार को दिल्ली पुलिस के वकील ने हाईकोर्ट को बताया कि उन 6 लोगों को बरी किए जाने के फैसले के खिलाफ अपील की जाएगी, जिन पर अंकित शर्मा की मौत के मामले में आरोप थे। वकील ने कहा, राज्य सरकार भी अपील कर रही है। छह आरोपी ऐसे हैं, जिन्हें बरी कर दिया गया था। हम इस प्रक्रिया में हैं। इसके बाद, हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस की याचिका पर छह बरी लोगों को नोटिस जारी करते हुए उनसे जवाब मांगा। वहीं, मामले में दोषी ठहराए गए दो लोगों नाजिम और कासिम ने निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

सार संक्षेप

विवाद होने पर सहकर्मी को चाकू से गोदा, केस दर्ज

नई दिल्ली। नॉर्थ-ईस्ट जिले के जाफराबाद इलाके में दुकान पर काम करने को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने अपने सहकर्मी पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपी ने पीड़ित परवेज पर चाकू से चार-पांच वार किए। वारदात के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी शान मोहम्मद को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को चाकू समेत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, 40 वर्षीय परवेज विजय मोहल्ला, मौजपुर में परिवार के साथ रहते हैं और इलाके में जाहिद की दुकान पर काम करते हैं। शान मोहम्मद भी पहले इसी दुकान पर काम करता था। पुलिस को दी शिकायत के अनुसार, 7 अगस्त को दोपहर करीब तीन बजे परवेज दुकान पर काम कर रहे थे। इसी दौरान शान मोहम्मद वहां पहुंचा और परवेज से कहने लगा कि वह अब दुकान पर काम नहीं करेगा। परवेज ने जवाब दिया कि दुकान मालिक जाहिद ने उसे काम पर रखा है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी और विवाद हो गया।

सट्टा खेलते छह दबोचे, 17,660 रुपये बरामद

नई दिल्ली। नंद नगरी थाना पुलिस ने इलाके में सट्टा खेल रहे छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो आरोपी सट्टा ऑपरेटर बताए गए हैं। पुलिस ने मौके से सट्टे की रकम 17,660 रुपये और सट्टा पर्चियां तैयार करने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ दिल्ली सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीसीपी नॉर्थ ईस्ट राहुल अलवाल के मुताबिक, 11 अगस्त को हेड कांस्टेबल जितेंद्र और कांस्टेबल संजय सिंह इलाके में गश्त कर रहे थे। पुलिस को मौके पर सट्टा खेलने और खिलाने का शक हुआ। टीम ने घेराबंदी कर सभी को मौके से पकड़ लिया। तलाशी और जांच के दौरान दो आरोपी सट्टे की पर्चियां लिखते मिले, जबकि चार अन्य लोग सट्टे में दांव लगा रहे थे।

चीनी मांझे के साथ 3 गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने बुधवार को प्रतिबंधित चीनी/प्लास्टिक मांझे के अवैध भंडारण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजेश, असद और सोहेल के रूप में हुई है। पुलिस ने कुल 1,398 रील प्रतिबंधित मांझा जब्त किया और सामग्री ले जाने में इस्तेमाल की गई।

लाल किला ब्लास्टः कोर्ट ने चार्जशीट में आरोपियों का ब्रीफ बैकग्राउंड उल्लेख करने का दिया निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के लाल किला ब्लास्ट मामले के पटियाला हाउस कोर्ट से राउज एवेन्यू कोर्ट में स्थानांतरण के बाद पहली बार सुनवाई हुई। अदालत ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से कहा कि चार्जशीट में सभी आरोपियों का एक ब्रीफ बैकग्राउंड (संक्षिप्त पृष्ठभूमि) का उल्लेख करना उचित होगा, जिससे साजिश में उनकी भूमिका का पता लगे। अदालत ने रिकॉर्ड पर लिया कि एनआईए ने 14 मई 2026 को मुख्य आरोपपत्र दाखिल किया था, जिसके बाद पूरक आरोपपत्र भी दाखिल किया गया। अभी तक आरोपपत्र में दर्ज अपराधों का संज्ञान नहीं लिया गया है। आरोप पत्र पर 27 अगस्त को सुनवाई होगी। इस मामले में एक आरोपी डॉ. उमर उन नबी की मौत हो चुकी है। उमर उन नबी पर लाल किला इलाके में हुए कार धमाके से जुड़े होने का आरोप है। बताया गया है कि उमर उसी कार में मौजूद था, जिसमें विस्फोट हुआ था और धमाके में उसकी मौत हो गई थी। अदालत ने एनआईए को डॉ. उमर उन नबी की मौत की आधिकारिक पुष्टि से संबंधित डेथ सर्टिफिकेट, डेथ वेरिफिकेशन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। यह रिपोर्ट मिलने के बाद अदालत उनकी मृत्यु के कारण इस आरोपी के खिलाफ लंबित कार्यवाही को समाप्त करने के संबंध में स्पष्ट आदेश पारित करेगी। पिछली अदालत ने अहलमद को मुख्य और पूरक आरोपपत्र की जांच कर रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था।

मौजूदा अदालत ने अहलमद को उस आदेश का अनुपालन करने का निर्देश दिया। अदालत ने विशेष लोक अभियोजक को निर्देश दिया कि वह एक संक्षिप्त सारणी तैयार करें, जिसमें प्रत्येक आरोपी की भूमिका और उसके खिलाफ एनआईए द्वारा जुटाए गए साक्ष्यों का उल्लेख हो। इससे अदालत को आरोपपत्र पर संज्ञान के मुद्दे पर विचार करने में सुविधा होगी। अदालत ने यह भी नोट किया कि उकाशा, फैजल, आशिम और उस्मान के खिलाफ आगे की जांच लंबित है।

स्कूल शिक्षा की निगरानी के लिए जिले में लागू, तीन स्तरीय मासिक समीक्षा व्यवस्था

फरीदाबाद। जिले में स्कूल शिक्षा की प्रभावी निगरानी और शिक्षा संबंधी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए तीन स्तरीय मासिक समीक्षा व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू की गई है। अतिरिक्त उपायुक्त अंजलि श्रोत्रिया ने अधिकारियों को नियमित समीक्षा, विभागीय समन्वय और लंबित मामलों के समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। व्यवस्था के प्रथम स्तर पर प्रत्येक माह के पहले सप्ताह में क्लस्टर/विद्यालय स्तर की समीक्षा होगी। इसके बाद खंड स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। दोनों स्तरों पर विद्यालय भवन, मरम्मत, डिजिटल संसाधन, पेयजल, स्वच्छता, पीएम पोषण योजना, एफएलएन, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति तथा अनुदानों के उपयोग की समीक्षा होगी। तीसरे स्तर पर प्रत्येक माह के द्वितीय पखवाड़े में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक उपायुक्त या अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में होगी। इसमें शिक्षा संकेतकों, जर्जर भवनों, डिजिटल संसाधनों, शिक्षक रिक्तियों, सीखने के परिणाम, पीएम पोषण, स्वच्छता, पेयजल और अंतर-विभागीय समन्वय की समीक्षा की जाएगी।

डाबोदा व मुसेदपुर में निकाली तिरंगा यात्रा

गुरुग्राम। राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिले में चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को फरुखनगर खंड के गांव डाबोदा व मुसेदपुर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। हाथों में तिरंगा लेकर निकाली गई यात्रा ने गांवों में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा के दौरान विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने राष्ट्रीय ध्वज को सम्मानपूर्वक हाथों में लेकर देश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

यूटीआई म्यूचुअल फंड की नई पहल व्हाट्सऐप पर ही भुगतान के साथ निवेश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारत की प्रमुख म्यूचुअल फंड कंपनियों में से एक यूटीआई म्यूचुअल फंड ने निवेशकों के लिए एक नई सुविधा शुरू की है। इसके तहत निवेशक व्हाट्सऐप छोड़े बिना भुगतान सहित अपनी पूरी निवेश प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। कंपनी के अनुसार, यूटीआई म्यूचुअल फंड व्हाट्सऐप पर बातचीत के दौरान भुगतान की सुविधा देने वाला म्यूचुअल फंड उद्योग का पहला कोष प्रबंधक बन गया है। नई व्यवस्था निवेश की पूरी प्रक्रिया के दौरान निवेशकों को व्हाट्सऐप पर ही बनाए रखती है।

यूटीआई परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी के समूह अध्यक्ष एवं बिक्री, उत्पाद और डिजिटल विभाग के प्रमुख पेशोतन दस्तूर ने कहा व्हाट्सऐप पर बातचीत के दौरान भुगतान की सुविधा देने वाला म्यूचुअल फंड उद्योग का पहला कोष प्रबंधक बनकर हम निवेशकों को उसी माध्यम पर सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं। सीएएमएसपे के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वसंत जेयापाल ने कहा, सीएएमएसपे की व्हाट्सऐप आधारित भुगतान व्यवस्था वित्तीय संस्थानों की उस वास्तविक समस्या का समाधान करती है, जिसमें बाहरी वेबसाइट पर भेजे जाने या भुगतान संबंधी कड़ियों के टूटने के कारण लेन-देन रुक जाता है।

डेंगू के बढ़ते खतरे के बीच जीटीबी अलर्ट

नई दिल्ली। मानसून के दौरान डेंगू के बढ़ते खतरे को देखते हुए गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल ने मरीजों के इलाज के लिए व्यापक तैयारियां कर ली हैं। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, डेंगू मरीजों के लिए पर्याप्त बेड, आवश्यक दवाइयों का स्टॉक, जांच की सुविधा और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उपलब्ध है, ताकि मरीजों को समय पर उपचार मिल सके। अस्पताल में डेंगू मरीजों के लिए अलग वार्ड बनाया गया है। लैब में जांच की सुविधा उपलब्ध है, जबकि प्लेटलेट्स की व्यवस्था के लिए ब्लड बैंक पूरी तरह तैयार है। अस्पताल के अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि सभी आवश्यक तैयारियां पहले से पूरी कर ली गई हैं। डॉक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि तेज बुखार, सिरदर्द, शरीर में दर्द या प्लेटलेट्स कम होने जैसे लक्षण दिखने पर बिना देरी किए अस्पताल पहुंचकर जांच कराएं। समय पर उपचार से गंभीर मामलों से बचा जा सकता है। साथ ही घर व आसपास पानी जमा न होने दें और मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाएं।